# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–08 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

भारतीय जनता पार्टी सत्ताइस वर्षों के अंतराल के बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। शाम पांच बजकर पचपन मिनट तक अंतिम समाचार मिलने तक भारतीय जनता पार्टी ने चवालीस सीटें जीत ली थीं और चार सीटों पर उसके प्रत्याशी आगे चल रहे थे। वहीं, आम आदमी पार्टी ने 21 सीटें जीती थीं और एक सीट पर आगे चल रही थी। कांग्रेस पार्टी को किसी भी सीट पर जीत नहीं मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत केंद्र व विभिन्न प्रदेशों की सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी को परिवर्तनकारी जीत की बधाई दी है।

**********

अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने जीत लिया है। उन्होंने एक लाख छियालिस हजार तीन सौ सत्तानबे वोट हासिल करके अपने निकटतम प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद को इकसठ हजार सात सौ दस मतों से हरा दिया। अजीत प्रसाद को कुल चौरासी हजार छह सौ सतासी वोट मिले हैं। इस सीट पर बीती पांच फरवरी को वोट पड़े थे। उपचुनाव में कुल दस प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर उपचुनाव में पार्टी की जीत पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

**********

प्रयागराज के महाकुंभ मेले में कई प्रमुख हस्तियां त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रही हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी आज महाकुंभ पहुंच कर पवित्र स्नान किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अब तक 41 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं।

**महाकुम्भ में राजनीति, सिनेमा और खेल जगत से जुड़े लोग भी, संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा बॉलीवुड कलाकार अनुपम खेर, हेमा मालिनी और राजकुमार राव, पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, मुक्केबाज विजेंदर सिंह और मैरी कॉम, बैडमिंटन स्टार और ओलंपिक पदक विजेता, साइना नेहवाल ने भी पवित्र संगम में डुबकी लगाई है। इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी सोमवार को संगम में पावन डुबकी लगायेंगी। 13 जनवरी से शुरू हुआ यह महाकुंभ का मेला, 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुम्भ मेला समाप्त होने में अभी 18 दिन बाकी और उम्मीद जताई जा रही है कि श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ के पार जा सकती है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।**

आज भी सुबह से लेकर शाम को अंतिम समाचार मिलने तक प्रदेश समेत अन्य राज्यों के विशिष्ट अतिथियों के भी प्रयागराज महाकुंभ पहुंचने का सिलसिला जारी है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में अलग अलग तिथियों में हुए अमृत स्नान के बाद साधु संतों और नागा सन्यासियों का दल वाराणसी आने लगा है। इसी क्रम में जूना अखाड़ा के हजारो नागा साधु कल काशी में प्रवेश करेंगे। उनके सकुशल प्रवेश और श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर आज वहां के प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया–

**प्रोसेसन के फार्म में लगभग दो हजार की संख्या में नागा साधु जूना अखाड़ा के यहां पर आएंगे। उनके महंत जी भी आएंगे। अन्य महामंडलेश्वर हैं वह साथ में होगें। काफी गाड़ियां होंगी। उसी के प्रोसेसन का पूरा इंतजाम आज सभी प्रशासनिक अधिकारी यहां पर देख रहे हैं। इसके लिए रूट निर्धारित किया जा रहा है। और हम लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि रूट पर किसी भी तरह का व्यवधान उनको न मिले। साथ ही जो आम पब्लिक है उसको भी किसी भी तरह का दिक्कत न हो, इसलिए रूट डायवर्जन की प्लानिंग की जा रही है।**

वाराणसी आने वाले नागा साधु और अन्य साधु संत महाशिवरात्रि का स्नान पवित्र गंगा में करेंगे और होली खेलने के बाद ही अपने मंदिर, मठ और आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश में बीते चौबीस घंटे के भीतर हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। वाराणसी जिले के बड़ागांव थानाक्षेत्र के औसानपुर गांव में बीती रात ट्रैक्टर पलट जाने से पिता और पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, जौनपुर जिले के सिकरारा थानाक्षेत्र के टेकारी गांव के पास आज सुबह एक अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई, जिससे कार सवार सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में ठंड से राहत के संकेत दिये हैं। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक प्रदेश में कल से चौदह फरवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में धीरे धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना है। इस अवधि में न्यूनतम तापमान में भी धीरे धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी।

**********